भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3413**

उत्तर देने की तारीख 16 दिसंबर, 2024
25 अग्रहायण, 1946 (शक)

## खेल प्रशिक्षण केंद्र

**3413. श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने ग्रामीण युवाओं तक पहुंच बनाने और कंधमाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में खेलो इंडिया योजना को कार्यान्वित करने के लिए कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत कंधमाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कितने खेल प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए गए हैं और इनसे कितने युवा लाभान्वित हुए हैं;

(ग) क्या सरकार ने कंधमाल में खेल अवसंरचना के विकास के लिए कोई निधि आवंटित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) खेलो इंडिया योजना विशेषकर एथलेटिक्स और कुश्ती जैसे खेलों में किस प्रकार कंधमाल में खेल प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें विकसित करने में मदद करती है; और

(ङ) कंधमाल के कुल कितने युवाओं को खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत खेल छात्रवृत्तियां प्रदान की गई हैं और उनकी चयन प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) और (ख): जी हाँ। वर्ष 2016-17 में 'खेलो इंडिया - राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम' की शुरुआत पूरे देश में जन भागीदारी और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के दोहरे उद्देश्य के साथ की गई थी, जिसमें कंधमाल संसदीय क्षेत्र भी शामिल है। कंधमाल संसदीय क्षेत्र सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत खेलो इंडिया एथलीटों, खेलो इंडिया केंद्रों और मान्यता प्राप्त अकादमियों का राज्यवार विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण देश भर में खेल अवसंरचना के विकास सहित खेलों को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर कर उनके प्रयासों में सहायता करती है। इसके साथ ही, इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित खेलो इंडिया

स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत कंधमाल संसदीय क्षेत्र सहित पूरे देश में खेल अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। कंधमाल संसदीय क्षेत्र सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम और एनएसडीएफ के तहत अनुमोदित खेल अवसंरचना परियोजनाओं और उनकी स्वीकृत लागत, जारी धनराशि और उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(घ) और (ङ) : खेलो इंडिया स्कीम के "खेल प्रतियोगिता और प्रतिभा विकास" घटक के तहत, कंधमाल संसदीय क्षेत्र सहित देश भर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) के रूप में की जाती है। इन एथलीटों का चयन खेलो इंडिया गेम्स, राष्ट्रीय चैंपियनशिप जैसी स्पर्धाओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघों और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित खुले और पारदर्शी चयन परीक्षणों के आधार पर किया जाता है। इसके साथ ही, खेलो इंडिया स्कीम के "खेलो इंडिया केंद्र और खेल अकादमियां" घटक के तहत, पहचानी गई प्रतिभाओं को मान्यता प्राप्त खेलो इंडिया अकादमियों में शामिल होने का विकल्प दिया जाता है तथा साथ ही प्रशिक्षण व्यय, कोचिंग, प्रतियोगिता एक्सपोजर, शिक्षा, उपकरण सहायता, वैज्ञानिक सहायता आदि के लिए 6.28 लाख रुपये प्रतिवर्ष की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है [जिसमें 1.20 लाख रुपये आउट ऑफ पॉकेट भत्ता (ओपीए) शामिल है]। कंधमाल संसदीय क्षेत्र सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत खेलो इंडिया एथलीटों का राज्यवार विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

******